an>

Title: Regarding shortage of drinking water in Latur Parliamentary Constituency of Maharashtra.

डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड़ (लातूर): माननीय सभापति जी, आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र की एक गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र लातूर महाराष्ट्र में पीने के पानी की बहुत समस्या है। करीब 5 लाख की आबादी का शहर है। वहां पिछले तीन साल से महीने में दो बार ही पानी मिलता है। धनेगांव डैम से पानी आता है, उसमें 1 अगस्त तक का ही स्टॉक में है। उसके बाद में पानी का नियोजन नहीं होगा। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि लातूर की जनता की दिक्कतों का ध्यान रखते हुए केन्द्र सरकार जल्दी से जल्दी इस समस्या का निवारण करे।